हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 15 मई 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 पानी के लिए 54 करोड़ खर्च, फिर भी एक दिन के...



09 बिजली संकट गहराया: सोहागपुर में अधिकारियों...



खबर संक्षेप

राजस्व नकल आवेदन का समाधान किया गया

नर्मदापुरम। आवेदिका सुमनबाई निवासी सोनखेड़ी तहसील डोलरिया द्वारा पुराने राजस्व प्रकरण की जानकारी एवं नकल प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था। चूंकि संबंधित ग्राम पूर्व में तहसील सिवनी मालवा के क्षेत्राधिकार में था, इसलिए जिला अभिलेखागार से रिकॉर्ड की जांच कराई गई। जांच में पाया गया कि मूल भूमि स्वामी वख्तार के निधन उपरांत उत्तराधिकारियों के नाम दर्ज करने हेतु आदेश पारित कर प्रकरण का निराकरण किया जा चुका है। इसकी विस्तृत जानकारी आवेदिका को प्रदान कर वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया।

6 लाख 30 हजार रुपए की स्वीकृति जारी

नर्मदापुरम। विधायक पिपरिया की अनुशंसा पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा स्वेच्छानुदान निधि से पिपरिया एवं बनखेडी के 100 हितग्राहियों को 06 लाख 30 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय नर्मदापुरम के अनुसार विधायक पिपरिया ठाकुर दास नागवंशी की अनुशंसा पर पिपरिया एवं बनखेडी के 74 हितग्राहियों को राशि जारी की।

राष्ट्रीय राजमार्ग से लगी करोड़ों की भूमि को हथियाने की साजिश

रहवासियों ने भू-घोटाले की कलेक्टर से की शिकायत, बोले-हो विधिवत जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

ग्राम तरौंदा ढाना निटाया में 'स्वामित्व योजना' की आड़ में सरकारी बेशकीमती भूमि को खुर्द-बुर्द करने की शिकायत हुई।

राष्ट्रीय राजमार्ग से लगी करोड़ों की भूमि को हथियाने की साजिश का मामला सामने आया है। ग्राम तरौंदा ढाना निटाया में 'स्वामित्व योजना' की आड़ में सरकारी बेशकीमती भूमि को खुर्द-बुर्द करने का यह गंभीर मामला है। ग्रामीणों ने वर्तमान सरपंच पर पद के दुरुपयोग और भू-माफियाओं के साथ मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कलेक्टर और संभाग आयुक्त को शिकायती पत्र सौंपा है।

ग्राम तरौंदा ढाना के वर्तमान सरपंच राजेन्द्र ठाकुर पर आरोप है कि उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग-46 से लगी हुई सरकारी आबादी मद की भूमि को अपने पुत्र प्रताप सिंह ठाकुर के नाम कराने का षडयंत्र रचा है। नियम अनुसार स्वामित्व योजना का लाभ केवल उन लोगों को मिल सकता है जिनके मकान वर्ष 2018 से पहले वहां बने हुए थे, जबकि विवादित भूमि पूरी तरह रिक्त है।

जन उपयोगी संरचना का हो निर्माण

रवि कुमार एवं ग्रामवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि सरपंच को पद से पृथक कर निष्पक्ष जांच हो। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि पिछले 10 वर्षों की सैटेलाइट इमेज का अवलोकन कर जाए भूमि की वास्तविक स्थिति पता की जाए। करोड़ों की इस भूमि पर निजी 'ढाबा' खोलने के बजाय अस्पताल, आंगनवाड़ी या पशु चिकित्सालय जैसे सरकारी कार्यालय बनाए जाएं। ग्रामीणों ने कहा यदि इस मामले में उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो वे ग्रामीण न्यायालय की शरण लेंगे।



कलेक्टर के आदेशों की हुई अवहेलना

सोनिया मीणा उक्त सरकारी भूमि पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराना चाहती थीं। उन्होंने इस संबंध में तहसीलदारों को मामले के त्वरित निराकरण के आदेश दिए थे, लेकिन स्थानीय रसूख के चलते तहसीलदारों ने कलेक्टर के आदेश को ताक पर रख दिया और मामला 6 महीने तक लंबित रखा गया। ग्रामीणों का कहना है कि सरपंच स्वयं उस निर्णय समिति के अध्यक्ष हैं जो आपत्तियों का निपटारा करती है। ऐसे में वे अपने ही पुत्र द्वारा लगाई गई बनावटी आपत्तियों पर निष्पक्ष फैसला कैसे दे सकते हैं? ग्रामीणों ने पटवारी और तहसील स्तर के अधिकारियों पर भी मिलीभगत का संदेह जताया है।

तहसीलदार को दिए थे जांच के आदेश

तत्कालीन कलेक्टर और तत्कालीन कमिश्नर ने इस मामले में ग्रामीण क्षेत्र के तहसीलदार को निष्पक्ष जांच कर संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश दिए थे लेकिन तहसीलदार ने लीपा पोती कर कोई कार्रवाई नहीं की जबकि तत्कालीन कलेक्टर सोनिया मीणा इस क्षेत्र में ग्रामीणों की सुविधा को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाना चाहती थीं लेकिन तहसीलदार की मिली भगत से आज तक ना तो रिपोर्ट तैयार की गई ना कोई कार्रवाई हुई। तत्कालीन कलेक्टर सोनिया मीणा उक्त सरकारी भूमि पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाना चाहती थीं। उन्होंने दोनों तहसीलदार को इस मामले में तत्काल निराकरण करने के आदेश भी दिए थे लेकिन कलेक्टर के आदेश को नहीं माना और 6 महीने तक इसको पेंडिंग में रखा। बताया जाता है कि एक अधिकारी को लेनदेन के कारण यह मामले को रुकवाया गया है।

आगे जांच की जाएगी...

प्रकरण लंबित है। स्वामित्व योजना में पंचायत स्तरीय टीम होती है। इसमें सचिव सरपंच प्रस्ताव पारित करते हैं। एक पत्र पंचायत को भेजा है । तहसील में प्रस्ताव आएगा फिर आगे जांच की जाएगी। **दिव्यांशु नामदेव,** तहसीलदार ग्रामीण नर्मदापुरम

माखननगर पुलिस ने स्टार्टर केबल पाइप चोरों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

किसानो के खेतों से विद्युत उपकरण स्टार्टर केवल पाइप चोरी की लगातार शिकायत मिल रही थी। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक साइ कृष्ण थोटा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी संजू चौहान मार्गदर्शन पर चोरों को पकड़ने के लिए टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने विवेचना शुरू की और डालचंद कहार निवासी तालकेसरी और चंदू राजपूत निवासी फूरतला को गिरफ्तार कर दोनों से तीन बंडल बिजली के तार, पांच पंप, मोटर स्टार्टर, लेजम पाइप, स्प्रे पंप का मशरूका बरामद किया है। जिसकी कीमत 75000 है। चोरों को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी आकाशदीप पचाया, उप निरीक्षक अशोक वरवड़े, उप निरीक्षक लाहुन, ऊबनारे सहायक उप निरीक्षक अशोक अठोले, आरक्षक नरेश मलिक 20 आरक्षक गजेंद्र चौहान 37, आरक्षक सुनील उमरिया 188, आरक्षक रविंद्र 795, महिला आरक्षक सलोनी खोरे 939 की सराहनीय भूमिका रही।

एनएचएम एवं भार्गवी हेल्थ केयर के मध्य एमओयू



नर्मदापुरम। मध्यप्रदेश सरकार महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए सतत प्रयासरत है। इसी क्रम में प्रदेश में गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर की समय पर जांच एवं प्रभावी प्रबंधन को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश एवं भार्गवी हेल्थ केयर (बीजीएच), हैदराबाद के मध्य एमओयू किया गया है। यह समझौता राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश में सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग एवं प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए क्षमता निर्माण एवं तकनीकी सहयोग पर केंद्रित है। एमओयू में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में रीवा जिले में 25 से 65 वर्ष आयु वर्ग की लगभग 10 हजार महिलाओं की एचपीवी डीएनए आधारित सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग की जाएगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश द्वारा राज्य स्तर पर प्रभावी समन्वय के लिए एएनएम, स्टाफ नर्स, सीएचओ एवं आशा कार्यकर्ताओं का चयन एवं प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाएगा।

पीएम के आव्हान पर 11 हजार दीपदान का कार्यक्रम स्थगित

नपाध्यक्ष 11 दीपों से करेंगी मां नर्मदा की आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरपालिका द्वारा शुक्रावर 15 मई को सेठानीघाट पर आयोजित 11 हजार दीपदान का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। अब नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव 11 दीपों से मां नर्मदा की आराधना कर नगर को स्वच्छता में नंबर 01 बनाने की कामना करेंगी।

नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने बताया कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद मोदी जी द्वारा बचत के आव्हान के पालन में स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत आयोजित 11 हजार दीपदान कार्यक्रम निर्धारित था जिसमें परिवर्तन किया गया। अब सिर्फ 11 दीपों का दान कर मां नर्मदा की आराधना करेंगे।

नपाध्यक्ष यादव ने नगर के नागरिक, दुकानदारों और स्ट्रीट बैंडर्स से आग्रह किया है कि वे स्वच्छ सर्वेक्षण में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। फीडबैक लेने वाली टीम का सहयोग करें। कचरा यहां वहां न फैंकें। नगर को स्वच्छ रखने में नगरपालिका का सहयोग करें।

द्वारकाधीश मंदिर में अधिक मास पर होगा एक माह का धार्मिक अनुष्ठान, होंगी 4 भव्य कथाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के तुलसी चौक स्थित श्री द्वारकाधीश बड़ा मंदिर में 'अधिक मास' के पावन अवसर पर एक माह तक चलने वाले धार्मिक अनुष्ठानों की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। आगामी 17 मई से 15 जून तक मंदिर प्रांगण में अलग-अलग यजमानों द्वारा चार भव्य कथाओं का आयोजन किया जा रहा है। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए मंदिर समिति और आयोजकों द्वारा श्रद्धालुओं के बैठने के स्थान पर कूलर और ठंडे पेयजल की विशेष व्यवस्था की जा रही है। सभी कथाओं का समय नियमित रूप से दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक रहेगा।

आयोजन का भव्य शुभारंभ 17 मई, रविवार को विशाल कलश यात्रा के साथ होगा। यह कलश यात्रा सुबह 9:00 बजे सातवीं लाइन स्थित श्री हनुमान मंदिर से निकाली जाएगी, जो नगर भ्रमण करते हुए श्री द्वारकाधीश बड़ा मंदिर, तुलसी चौक पहुंचेगी। दोपहर 2:00 बजे से प्रवचन प्रारंभ होंगे।



कथाओं का विस्तृत कार्यक्रम 30 तक

पहली श्रीमद् भागवत कथा 17 मई (रविवार) से 23 मई (शनिवार) तक आयोजित होगी। प्रवचनकर्ता भागवत भूषण सौरभ दुबे (बिछुआ) इसके व्यास होंगे। दूसरी श्रीमद् भागवत कथा 24 मई से 30 मई तक आयोजित की जाएगी। तीसरी श्री नर्मदा पुराण इस कथा में नर्मदापुरम निवासी प्रमोदानंद महाराज के श्रीमुख से श्रद्धालु नर्मदा पुराण का श्रवण करेंगे।

नपा में सीएमओ पटले ने की जनसुनवाई आवेदनों का किया तत्काल निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जनसुनवाई के माध्यम से जहां नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है वहीं नपा के अधिकारी कर्मचारी भी सक्रिय हो जाते हैं। गुरुवार को नगरपालिका में मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा जनसुनवाई की गई। जिसमें नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया गया।

सभी शाखाओं को सख्त निर्देश दिए गए कि जनसुनवाई में आने वाले आवेदनों पर समयसीमा में कार्रवाई की जाए। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर प्रति गुरूवार को नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने जनसुनवाई की शुरूआत की गई है। गुरूवार को जनसुनवाई में पीएम आवास योजना के तहत सूची में नाम जुड़वाने के आवेदन आए। जिस पर सीएमओ श्रीमती पटले द्वारा संबंधित शाखा को सर्वे कराने के निर्देश दिए।



सिंधु भवन में सिंधी भाषा की संस्कृति से जोड़ने अध्यापन कार्यक्रम का हुआ भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



सिन्धी साहित्य अकादमी (मध्य प्रदेश) के निर्देशानुसार और पूज्य पंचायत सिंधी समाज एवं भारतीय सिंधु सभा (शाखा इटारसी) के संयुक्त तत्वावधान में आज, 14 मई से 'सिंधी भाषा (देवनागरी लिपि) अध्यापन शिविर' का शानदार आगाज हुआ।

यह शिविर सिंधी कॉलोनी स्थित सिंधु भवन में आयोजित किया जा रहा है, जो प्रतिदिन शाम 5:30 बजे से 7:00 बजे तक चलेगा। शिविर का शुभारंभ गुरुवर शाम 5:30 बजे पूज्य पंचायत सिंधी समाज के कार्यवाहक अध्यक्ष कैलाश नवलानी, उपाध्यक्ष अनिल मिहानी और संरक्षक मोहन मोरवानी द्वारा भगवान श्री झूलेलाल जी की ज्योत प्रज्वलित करके किया गया।

गणमान्य नागरिकों की रही उपस्थिति

इस गरिमामय अवसर पर भारतीय सिंधु सभा के अध्यक्ष गोपाल सिद्धवानी, महिला शाखा अध्यक्ष पूनम चेलानी, युवा शाखा अध्यक्ष मुकेश खुरानी, महामंत्री गौरव फूलवानी और कोषाध्यक्ष ओमी शिवदासानी मुख्य रूप से मौजूद रहे। साथ ही महिला शाखा से सुमन चेलानी, रेखा नवलानी और सिमरन चेलानी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। समाज के बच्चों और बंधुओं को सिंधी भाषा और संस्कृति से जोड़े रखने के इस विशेष प्रयास के तहत, सिन्धी साहित्य अकादमी द्वारा स्वाति मेघानी का चयन शिक्षिका के रूप में किया गया है।

उपार्जन कार्य में अनियमितता पर दो समितियां ब्लैक लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में नर्मदापुरम जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य सुचारू रूप से जारी है। जिले में अब तक 42 हजार 743 से अधिक कृषकों से 3 लाख 81 हजार 567 मीट्रिक टन गेहूं का सफलतापूर्वक उपार्जन किया जा चुका है। खरीदी गई स्कंध मात्रा के विरुद्ध 3 लाख 65 हजार 800 मीट्रिक टन स्कंध का आर-2-टी किया जा चुका है। इसके साथ ही 2 लाख 98 हजार 994 मीट्रिक टन स्कंध के स्वीकृति पत्रक भी तैयार किए जा चुके हैं। जिला एवं खंड स्तरीय उपार्जन समितियों द्वारा लगातार उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। वहीं सेवा सहकारी समिति तरौन कला द्वारा संचालित समर्थन मूल्य गेहूं उपार्जन केंद्र एमजी वेयरहाउस, ग्राम बम्होरी कला पर कम तौल कांटे, स्टाकिंग कार्य अधूरा पाए जाने तथा परिसर के बाहर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतारों के कारण किसानों को हो रही परेशानियों पर कार्यवाही हुईद्ध इसी प्रकार सेवा सहकारी समिति कोठारा के गेहूं उपार्जन केंद्र सिद्धिविनायक वेयरहाउस में 4 हजार से 5 हजार क्विंटल गेहूं बिलिंग मात्रा से अधिक देर तक रखने, बिना स्लॉट वाले किसानों का गेहूं रात्रि में अंदर करने जैसे कारण संबंधित उपार्जन समिति एवं वेयरहाउस के विरुद्ध ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की गई।

युकां का वार्ड-वार्ड चलो अभियान पहुंचा वार्ड 23 में, बदहाल सफाई व्यवस्था पर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

युवा कांग्रेस द्वारा मयूर जायसवाल के नेतृत्व में चलाया जा रहा 'वार्ड-वार्ड चलो अभियान' गुरुवार शहर के वार्ड क्रमांक 23 में पहुंचा। इस दौरान युवा कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर वार्डवासियों से सीधा संवाद किया, उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें शिकायत पत्र के माध्यम से दर्ज किया। जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वार्ड 23 में नागरिक सुविधाओं की भारी अनदेखी और बदहाली पाई। वार्ड में जगह-जगह नालियां जाम पड़ी हैं, जिससे जलभराव और बीमारियों का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने शिकायत की है कि सफाई कर्मी महीनों से वार्ड में सफाई करने नहीं आ रहे हैं। सड़कों पर जगह-जगह कचरे का ढेर और गंदगी पड़ी हुई है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इसकी सुध लेने वाले नहीं हैं। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने वार्ड के नागरिकों को आश्वस्त किया कि उनकी शिकायतों को जल्द ही संबंधित विभाग और अधिकारियों के समक्ष प्रमुखता से दर्ज कराया जाएगा। इस अभियान के दौरान मुख्य रूप से पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सौम्य दुबे, जिला उपाध्यक्ष गौरव चौधरी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोल्डी बेस, प्रदेश कांग्रेस महासचिव राजकुमार उपाध्याय और पूर्व पार्षद प्रदीप साहू उपस्थित रहे।



सड़क निर्माण हेतु सर्वसम्मति से व्यक्त की गई अनापत्ति



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

गुरुवार 14 मई 2026 को जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने की। बैठक में समिति सचिव एवं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग विवेक नागवंशी, समिति सदस्य सीमा कास्दे, MPRDC के सहायक महाप्रबंधक श्री दिनेश लोवंशी, क्षेत्र संयोजक हर्षित कौरव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से सिवनी मालवा वन परिक्षेत्र बनापुरा अंतर्गत ग्राम धरमकुंडी के कक्ष क्रमांक पीएफ-161 के रकबा 0.445 हेक्टेयर क्षेत्र में नर्मदापुरम-टिमरनी सड़क निर्माण कार्य हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किए जाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में सड़क निर्माण कार्य से क्षेत्रीय आवागमन एवं विकास को मिलने वाले लाभों पर भी चर्चा की गई। समिति द्वारा आवश्यक प्रक्रियाओं का परीक्षण उपरांत प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई।

नर्मदा के तट पर जारी है स्वच्छता अभियान

अखिल भारतीय कायस्थ समाज का अनुकरणीय पहल, पक्षियों के लिए सकोरा वितरण कर दी स्वच्छता की सीख

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सामाजिक सरोकार और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए 'अखिल भारतीय कायस्थ समाज' द्वारा मां नर्मदा के पावन तटों को स्वच्छ बनाने का शंखनाद किया गया। रविवार को स्थानीय चित्रगुप्त घाट पर समाज के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सामूहिक श्रमदान कर न केवल घाट की स्वच्छता सुनिश्चित की, बल्कि भीषण गर्मी के दृष्टिगत मूक पक्षियों के लिए 'सकोरा वितरण' अभियान का भी आगाज किया।

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के नीर पखेरू अभियान के चलते एक सकोरा पानी पक्षियों की जिंदगानी थीम के चलते यह सकोरा वितरण किया गया।वर्षों का अटूट संकल्प, हर रविवार नर्मदा की सेवाविदित हो कि यह अभियान कोई सांकेतिक आयोजन नहीं है, बल्कि पिछले 3-4 वर्षों से कायस्थ समाज का प्रत्येक सदस्य हर रविवार को नियमित नर्मदा की स्वच्छता में अपना



योगदान दे रहा है। अभियान के दौरान जलकुंभी, पॉलीथीन, विसर्जित पूजन सामग्री और तटों पर जमा कचरे को पूरी तरह साफ किया गया। श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव ने बताया कि हमारा उद्देश्य केवल घाट की सफाई करना मात्र नहीं है, बल्कि मां नर्मदा के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करना है। स्वच्छता के साथ-साथ हमारी जिम्मेदारी उन मूक पक्षियों के प्रति भी है जो इस तपती गर्मी में पानी के लिए भटकते हैं। कायस्थ समाज द्वारा वितरित किए जा रहे ये सकोरे मानवता और प्रकृति के बीच के अटूट रिश्ते का प्रतीक हैं। हम चाहते हैं कि हर घर की छत पर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था हो। समाजसेवी सुनील राय ने बताया कि समाज वही है जो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और सुंदर पर्यावरण छोड़कर जाए।

वहीं पक्षियों को दाना और पानी गर्मी में उपलब्ध कराना चाहिए। नीर पखेरू अभियान के चलते समाज ने सकोरे वितरित किए । पक्षियों के लिए सकोरे लगाना एक अत्यंत मानवीय कार्य है। समाज के लोगों ने कहा इनमें नियमित पानी भरकर पक्षियों की प्यास बुझाने का माध्यम बनें। पदाधिकारियों का कहना है कि कायस्थ समाज की यह पहल तभी पूर्ण रूप से सफल होगी, जब शहर का हर नागरिक सफाई और जीव-दया को अपना व्यक्तिगत धर्म समझेगा।

विद्युत कंपनी ने किया संपर्क अभियान शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए गुरुवार को विशेष संपर्क अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत इटारसी शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाकर उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं को सुना गया। संपर्क अभियान के अंतर्गत शहर के पुरानी इटारसी क्षेत्र वार्ड क्रमांक 6 में ओवर ब्रिज के नीचे स्थित श्री राम मंदिर के पास भव्य शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 9 बजे से शाम 5 तक चले इस शिविर में नर्मदापुरम जिले से आए वरिष्ठ अधिकारी एके सिंगार और उनकी टीम ने उपभोक्ताओं से सीधे संवाद किया। वरिष्ठ अधिकारी एके सिंगार ने जानकारी दी कि 14 मई को केवल शहर ही नहीं, बल्कि इटारसी तहसील के रामपुर, पथरोटा और केसला आदिवासी विकासखंड में भी संपर्क अभियान शिविर आयोजित किए।

खबर संक्षेप

आस्था श्रीवास्तव ने 93 प्रतिशत अंक लेकर पाया प्रथम स्थान

बैतूल। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित कक्षा 12वीं के हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। परीक्षा परिणाम में बैतूल जिले का अग्रणी सीबीएसई स्कूल सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल में कुल 115 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए थे। स्कूल की आस्था श्रीवास्तव ने सर्वाधिक 93 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल का नाम रोशन किया। वहीं गरिमा साहू ने 92 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया एवं समर्थ तिवारी एवं आस्था जैसवाल ने 91 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी छात्र-छात्राओं को स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती दीपाली निलय डागा एवं प्रभारी प्राचार्य अरविंद राजपूत ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

शोभापुर में आज लगेगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

सारनी। जनसामान्य को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक शोभापुर कॉलोनी में आज शुक्रवार 15 मई को जिला स्तरीय विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोड़ाडोंगरी, मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड सारनी एवं ग्राम भारती महिला मंडल के सहयोग से किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार शिविर सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें जिला अस्पताल से आए विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। शिविर में नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ सहित अन्य अनुभवी डॉक्टर मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श एवं उपचार संबंधी जानकारी प्रदान करेंगे। शिविर में स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी सलाह भी दी जाएगी। आयोजन समिति ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शिविर का लाभ लेने की अपील की है।


चना खरीदी में अनियमितता पाए जाने पर केंद्र प्रभारी निलंबित

बैतूल। मुलताई स्थित कृषि उपज मंडी समिति के चना खरीदी केंद्र में निर्धारित तौल मात्रा से अधिक चना तुलाई किए जाने की शिकायत पर प्रशासन द्वारा संयुक्त जांच की गई। जांच में शिकायत सही पाए जाने पर केंद्र प्रभारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी मुलताई राजीव कहार के मार्गदर्शन में गत दिवस उपायुक्त सहकारिता के.के. शिव, सहायक संचालक कृषि सुरेन्द्र पराते, तहसीलदार संजय बरैया तथा जिला विपणन अधिकारी प्रदीप ग्रेवाल द्वारा उपार्जन केंद्र का संयुक्त निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान केंद्र प्रभारी देविदास नरवरे, समिति प्रबंधक सहकारी समिति परमण्डल द्वारा निर्धारित तौल मात्रा से अधिक मात्रा में चना तुलाई किया जाना पाया गया।

टंकियां तो बना रहे, भरने पर्याप्त पानी ही नहीं, अब किसानों से पानी ले रही नपा

पानी के लिए 54 करोड़ खर्च, फिर भी एक दिन के अंतराल में पानी सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



पानी संग्रहित करने और सप्लाई करने 13 साल में नगरपालिका ने 43 करोड़ रुपए खर्च किये। तीन टंकियां, फिल्टर प्लांट, बैराज बनाया। 152 किमी पाइप लाइन बिछाने जैसे काम किये, लेकिन नतीजा आज भी शहरवासियों को एक दिन के अंतराल में ही पानी नसीब हो पा रहा है। अब 11 करोड़ 7 लाख से 4 नई टंकियां बनाने व 20 किमी पाइपलाइन बिछाने का काम चालू है लेकिन इससे भी जलसंकट खत्म नहीं होगा। क्योंकि फिल्टर प्लांट की क्षमता केवल 40 लाख लीटर है। नई टंकियां बनने पर 14 टंकियां हो जाएंगी, इन्हें भरने के लिए 1 करोड़ 6 लाख लीटर पानी लगेगा, 66 लाख लीटर पानी रोज कम पड़ेगा। ऐसे में टँकियों को भरने के लिए पानी की व्यवस्था करना नगरपालिका के लिए एक बड़ी चुनौती बन सकती है, क्योंकि टंकियां खाली रहेंगी तो इनमें दरारें आने की संभावना बनी रहेगी। बता दे कि नगरपालिका ने 2018 में 108 बोर बंद कर मोटर बाहर निकाल ली। 10 लाख रुपए प्रति महीने के जलप्रदाय के बिजली बिल को 4 लाख पर लाने यह किया। लेकिन जहां-जहां बोर थे उन क्षेत्रों में आज भी जलसंकट है। नपा अब किसानों के ट्यूबवेल और कुएं अधिग्रहित कर उनसे पानी ले रही है। बिजली तो वहां नपा की ही जल रही है।

इन योजनाओं पर बहाए रुपए, स्थिति जय की तस

नगरपालिका ने 13 करोड़ से तीन पानी टंकियां बनाई, नया फिल्टर प्लांट बनाया और 110 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाई गई। लेकिन वर्तमान में अक्सर यह टंकियां खाली रहती हैं, इनसे जुड़े हिस्सों में आज भी एक दिन के अंतराल पर पानी आता है। वहीं 2016 में 30 करोड़ से ताप्ती नदी पर बैराज बनाया गया। शहर में 42 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाई। जिससे 24 घंटे पानी दे सकें। लेकिन बैराज बगल से फूट गया। इसमें आधी अधूरी मरम्मत करने से पानी नहीं रुक पा रहा। अब अमृत-2 प्रोजेक्ट के तहत 11 करोड़ 7 लाख से 4 टंकियां बनना प्रारंभ हुई है। 20 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाने के साथ 4070 कनेक्शन देने का काम होना है। टंकियां तो बन जाएंगी लेकिन फिल्टर प्लांट की क्षमता 40 लाख लीटर रहने से ये टंकियां रोज नहीं भर पाएंगी और जलसंकट बरकरार रहेगा।

टंकियां भरने अतिरिक्त पानी की आवश्यकता

शहर में अमृत योजना के तहत पानी की टंकियों का निर्माण तो किया जा रहा है, लेकिन इन टंकियों को भरने के लिए पानी की आवश्यकता होगी। ऐसे में लोगों का कहना है कि बेहतर होता कि नगर पालिका पहले पानी का स्रोत तलाश कर उसकी व्यवस्था करती और वह निश्चित हो जाने पर टंकी का निर्माण शुरू करती। लेकिन नपा बिना किसी ठोस प्लानिग के काम करा रही है। शहर के कोठीबाजार क्षेत्र में ज्योति टॉकीज के सामने बनाई गई एक टंकी साल भर बाद में भी उपयोग में नहीं आ सकी है। इस टंकी को बने हुए करीब एक साल हो चुका है। इसके बावजूद इस टंकी को न तो कनेक्ट किया गया है और न ही एक बार भी इसे भरा गया है। लोगों का आरोप है कि नपा किसी ठोस प्लानिंग के ही कार्य शुरू कर देती है। जिसका नतीजा यह होता है कि पैसे खर्च होने के बाद भी लोगों का उसका लाभ नहीं मिल पाता है।

प्रतिदिन एक करोड़ लीटर की सप्लाई

शहर के विवेकानंद वार्ड स्थित माचना एनीकट से 33 वार्डों में प्रतिदिन लगभग एक करोड़ लीटर पानी सप्लाई किया जाता है। इतनी बड़ी मात्रा में पानी उपलब्ध कराने के लिए नगरपालिका को माचना और ताप्ती दोनों नदियों पर निर्भर रहना पड़ता है। ताप्ती बैराज से माचना एनीकट की दूरी करीब 21 किलोमीटर है, जिससे मोटरों पर दबाव बढ़ता है और उन्हें बीच-बीच में बंद करना पड़ता है। इस तकनीकी चुनौती के बावजूद स्थायी समाधान की दिशा में ठोस पहल नजर नहीं आती। यदि फरवरी में ही जलाशयों का सहारा लेना पड़ रहा है और बैराज की मरम्मत अधूरी है, तो आने वाले अप्रैल-मई में हालात क्या होंगे, यह सोचकर ही चिंता बढ़ जाती है। यदि समय रहते ठोस योजना और संरचनात्मक सुधार नहीं किए गए, तो इस बार गर्मी में शहरवासियों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ सकता है।

अभी एक दिन के अंतराल में पानी की सप्लाई

माचना नदी का जलस्तर गिरने के कारण नगरपालिका ने शहर में एक दिन के अंतराल से पेयजल सप्लाई करना शुरू कर दिया है। हालात यह है कि अब शहर के 33 वार्डों में एक दिन के अंतराल से पेयजल की सप्लाई की जा रही है। जिससे शहरवासियों को पानी के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में नगरपालिका द्वारा एक दिन के अंतराल से ही वार्डों में पेयजल की सप्लाई कर रही है, इसमें भी कई वार्डों में पर्याप्त नल नहीं आने के कारण लोग परेशान है। ऐसे में पेयजल को लेकर लोगों की परेशानियां बढ़ गई है, क्योंकि गर्मी में पानी की खपत दोगुनी हो जाती हैं। एक दिन के अंतराल में पानी सप्लाई होने से लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी स्टोर करने में मुश्किल हो रही हैं।

इनका कहना है

पानी का इंतजाम करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। भविष्य में भी अतिरिक्त पानी का इंतजाम किया जाएगा। टंकियां यदि बनाई जाती है तो रोटेशन के हिसाब से इन्हें भरकर रखा जाएगा।

- नवनीत पांडे, सीएमओ, नगर पालिका बैतूल

सब्जी खरीदने बाजार आई थी बच्ची

ट्रैक्टर ने पांच साल की बच्ची को कुचला, सब्जी की दुकान में जा घुसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



जिले के धौल गांव में बुधवार देर शाम एक सडक़ हादसे में 5 वर्षीय बालिका की मौत हो गई। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के धौल गांव में उस समय हुई, जब बालिका अपने पिता और भाई के साथ बाजार करने पहुंची थी। बालिका का पोस्टमार्टम (पीएम) करवाया गया है। मृतक बालिका की पहचान दिव्यांशी के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि दिव्यांशी अपने पिता श्रवण और भाई सुमित के साथ बाजार में सब्जी खरीद रही थी। इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर भीड़ में घुस गया। ट्रैक्टर ने पहले बालिका को टक्कर मारी और फिर एक सब्जी की दुकान में जा घुसा। इस हादसे में कुछ अन्य लोगों के भी घायल होने की सूचना है। ग्रामीणों और परिजनों ने आरोप लगाया है कि ट्रैक्टर चालक शराब के नशे में था। हादसे के बाद मौके पर हडक़ंप मच गया। आसपास मौजूद लोगों ने चालक को पकडऩे का प्रयास किया, लेकिन वह वाहन छोडक़र मौके से फरार हो गया। घटना के तुरंत बाद गंभीर रूप से घायल दिव्यांशी को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतका के चाचा सहित ग्रामीणों ने प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि बाजार के लिए निर्धारित स्थान होने के बावजूद हाट बाजार सडक़ पर लगाया जाता है, जिससे आए दिन हादसों का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने सडक़ किनारे बाजार लगाए जाने पर रोक लगाने और संबंधित जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच में जुटी है और फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश कर रही है।

गले में फंसा 6 सेमी लंबा मछली का कांटा

बैतूल। एक व्यक्ति के गले में मछली खाते समय 6 सेंटीमीटर लंबा कांटा फंस गया। यह कांटा गले के बेहद संवेदनशील हिस्से एपिग्लॉटिस (उपकंठ) में चुभ गया था, जिससे मरीज को निगलने में तेज दर्द और तकलीफ हो रही थी। बुधवार शाम को ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. ऋषि माहोर ने बिना बेहोश किए दूरबीन पद्धति से करीब 40 मिनट में इस कांटे को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। उपचार के बाद मरीज की हालत पूरी तरह सामान्य है। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार (12 मई) की रात मछली खाते समय मरीज के गले में यह कांटा फंसा था। इसके बाद से ही उसे लगातार तेज दर्द और परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। हालत बिगडऩे पर परिजन उसे तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टर ने जब एंडोस्कोपी के जरिए जांच की, तो पता चला कि लंबा और नुकीला कांटा एपिग्लॉटिस के पास काफी गहराई में चुभा हुआ है। ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. ऋषि माहोर ने दूरबीन तकनीक की मदद से इस जटिल प्रक्रिया को अंजाम दिया। करीब 40 मिनट की सावधानीपूर्वक कोशिश के बाद कांटे को बाहर निकाल लिया गया। राहत की बात यह रही कि इस दौरान मरीज को बेहोश करने की जरूरत नहीं पड़ी। उपचार के बाद गले में संक्रमण से बचाव के लिए मरीज को एंटीबायोटिक दवाएं दी गई हैं। डॉक्टर के मुताबिक, यदि समय पर इस कांटे को नहीं निकाला जाता तो गले के अंदर गंभीर संक्रमण, घाव या अंदरूनी नुकसान हो सकता था। सूजन आने पर मरीज को सांस लेने में भी खतरा पैदा हो सकता था। इस पूरी प्रक्रिया का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें गले के भीतर फंसा कांटा और उसे निकालने की प्रक्रिया साफ दिखाई दे रही है। बता दे कि डॉ. ऋषि माहोर इससे पहले भी एक चर्चित मामले में सुर्खियों में आ चुके हैं। उन्होंने कुछ समय पहले एक कमजोर बुद्धि की युवती की नाक से कीड़े निकालकर उसका सफल उपचार किया था। अब गले से बिना बेहोश किए कांटा निकालने का यह नया मामला भी लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

कुरसना-गवासेन में कलेक्टर सोनवणे का निरीक्षण लापरवाही पर सचिव को निलंबित करने के निर्देश

पानी की समस्या का तीन दिन में करें समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने जनपद पंचायत चिचोली अंतर्गत विभिन्न ग्रामों का भ्रमण कर ग्रामीण व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। ग्राम पंचायत कुरसना में उन्होंने राशन दुकान, पंचायत भवन एवं आरोग्य मंदिर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर डॉ सोनवणे ने राशन दुकान में पीओएस मशीन में दर्ज स्टॉक और वास्तविक स्टॉक का मिलान कराया तथा राशन के सैंपल का अवलोकन कर सुचारू वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पंचायत भवन में उन्होंने ग्रामीणों की पेयजल समस्या, पीएम श्रम योगी मानधन योजना एवं पंचायत के विभिन्न मदों से प्रगतिरत कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने ग्राम कुरसना में जलस्तर नीचे जाने से उत्पन्न पेयजल संकट के समाधान के लिए उपलब्ध जल स्रोत तक पाइपलाइन बिछाकर पानी की व्यवस्था सुचारू करने के निर्देश दिए। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग को चेकडैम एवं स्टॉपडैम का व्यवस्थित निर्माण कराने के निर्देश भी दिए। ग्राम आमुपुरा में बारिश के दौरान पुलिया पर पानी आने से रास्ता बाधित होने की समस्या के समाधान के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया। प्राथमिक शाला कुरसना में बिजली एवं बैठने की उचित व्यवस्था नहीं मिलने पर एमपीईबी को विद्युत समस्या के त्वरित निराकरण तथा पंचायत को बच्चों के लिए बेंच की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। श्रम योगी मानधन योजना एवं आयुष्मान योजना की समीक्षा के दौरान योजना में शून्य प्रगति पाए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए पंचायत सचिव कुरसना को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर डॉ. सोनवणे ग्राम पंचायत गवासेन पहुंचे, जहां उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। नल-जल योजना होने के बावजूद पंप ऑपरेटर नहीं होने से पानी की सप्लाई बंद रहने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जाहिर की। पेयजल आपूर्ति, श्रम योगी मानधन योजना सहित अन्य आधारभूत कार्यों में लापरवाही बरतने पर पंचायत सचिव प्रशांत पांडे को तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिए। साथ ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सब इंजीनियर को तीन दिन के भीतर कैंप लगाकर क्षेत्र की पेयजल समस्या का समाधान सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए।

बिजली बिल, नए कनेक्शन की समस्याओं का मौके पर समाधान

मुलताई में विद्युत संपर्क अभियान शुरू पहले ही शिविर में 73 आवेदनों का तत्काल निराकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, मुलताई संभाग द्वारा गुरुवार से विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए संपर्क अभियान की शुरुआत की गई। अभियान का पहला शिविर पुराने अस्पताल की भूमि, पटेल वार्ड में आयोजित किया गया, जहां विद्युत संबंधी विभिन्न समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। शिविर में मुलताई विद्युत संभाग के डीजीएम अंकित गुप्ता, उपमहाप्रबंधक हितेश वशिष्ठ एवं जेई अभिषेक पद्रे की उपस्थिति रही। अधिकारियों ने बताया कि शिविर में कुल 73 आवेदन पंजीकृत किए गए थे, जिनका तत्काल निराकरण किया गया। शिविर में उपभोक्ताओं के लिए बिजली बिल भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई थी, जिसमें उपभोक्ताओं ने डिजिटल एवं नगद दोनों माध्यमों से बिल राशि का भुगतान किया। विद्युत अधिकारियों ने जानकारी दी कि संपर्क अभियान के अंतर्गत मुलताई नगरीय क्षेत्र के लगभग 12,900 विद्युत उपभोक्ताओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। मुलताई संभाग के सभी 10 वितरण केंद्रों के अंतर्गत आने वाले विभिन्न गांवों में आगामी 14 मई, 19 मई, 23 मई एवं 27 मई 2026 को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर में विद्युत से संबंधित विभिन्न प्रकार के आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें नए कनेक्शन, नाम एवं भार परिवर्तन, स्थायी पंप कनेक्शन मात्र 5 रुपये में, श्रेणी परिवर्तन तथा स्थायी विच्छेदन जैसी सेवाएं शामिल रहीं। इसके अलावा बिल संबंधी समस्याओं जैसे गलत बिल, अधिक बिल, गलत रीडिंग, आंशिक भुगतान, अग्रिम भुगतान पर छूट आदि का भी निराकरण किया गया। तकनीकी सेवाओं में बिजली बंद होना, लाइन संबंधी समस्याएं, वोल्टेज में उतार-चढ़ाव, ट्रिपिंग तथा खराब ट्रांसफार्मर बदलने जैसी शिकायतों पर भी कार्रवाई की गई।

किसानों की सुविधाओं का लिया जायजा

कलेक्टर ने गेहूं उपार्जन केंद्र चिरापाटला का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



कलेक्टर डॉ सौरभ संजय सोनवणे ने चिचोली क्षेत्र के भ्रमण के दौरान गेहूं उपार्जन केंद्र राजेंद्र प्रसाद वेयरहाउस चिरापाटला का निरीक्षण कर खरीदी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र पर उपस्थित किसानों से चर्चा कर उपज विक्रय संबंधी जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर डॉ सोनवणे ने मौके पर किसानों की उपज की खरीदी प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा तौले जा चुके गेहूं के बोरों का वजन कराकर सत्यापन किया। उन्होंने खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि उपार्जन केंद्र में कुल 116 कृषकों का पंजीयन किया गया है, जिनमें से अब तक 59 कृषकों से 3235 मैट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। कलेक्टर ने कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी से चमनविहीन गेहूं खरीदी के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा रिजेक्ट किए गए किसानों की उपज के सैंपलों का भी परीक्षण किया। उन्होंने केंद्र पर किसानों के लिए उपलब्ध बैठने एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को अतिरिक्त छाया एवं बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को गर्मी के मौसम में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

निर्बाध विद्युत आपूर्ति करने के बाद एमपी ट्रांसको का पावर ट्रांसफार्मर हुआ रिटायर

45 साल पुराने ट्रांसफार्मर को कंपनी के कर्मचारियों ने दी विदाई

सारणी पावर प्लांट में 160 एमवीए का पावर ट्रांसफार्मर लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

आमतौर पर आपने किसी कर्मचारी की सेवा पूरी होने पर उसके रिटायरमेंट होने और विदाई समारोह का आयोजन किए जाने की बात तो सुनी होगी, लेकिन सारणी ताप विद्युतगृह में बुधवार को कुछ अनूठा हुआ। यहां पर एमपी टास्को बिजली कंपनी के कर्मचारियों ने एक मशीन को सेवा अवधि पूर्ण होने के बाद रिटायर होने पर एक कर्मचारी के रूप में भावुक पलों के बीच विदाई दी। इसके साथ ही मशीन के गौरवमयी इतिहास को भी दोहराया गया। दरअसल यह मशीन एक ट्रांसफार्मर थी। मध्यप्रदेश की विद्युत पारेषण व्यवस्था के इतिहास में ट्रांसफार्मर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। दो दशक का सेवाकाल निश्चित होने के बावजूद इस ट्रांसफार्मर ने चार दशकों से अधिक सेवा दी थी। इसके चलते कर्मचारियों का इस मशीन से लगाव हो गया था। इस मशीन का रिटायर का समय आने पर एक भावुक और गौरवपूर्ण रूप से एमपी ट्रांसको के कार्मिकों ने इस मशीन को विदाई दी। एमपी ट्रांसको के बैतूल जिले में स्थित सतपु?ा ताप विद्युतगृह सारणी के 220 केवी सबस्टेशन में वर्ष 1978 में 100 एमवीए क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर



पुराना वर्ष 1978 का ट्रांसफार्मर



नया ट्रांसफार्मर

स्थापित किया गया था। लगातार 45 वर्षों तक निर्बाध सेवाएं देने के बाद ट्रांफार्मर सम्मानपूर्वक रिटायर हुआ। उल्लेखनीय है कि स-1978 मे निर्मित इस ट्रांसफार्मर की निर्धारित कार्य अवधि लगभग 25 वर्ष थी, किंतु मध्यप्रदेश विद्युत मंडल तथा बाद में मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के इंजीनियरों एवं तकनीकी कर्मचारियों की कुशल मेंटेनेंस, सटीक तकनीकी प्रबंधन और उत्कृष्ट कार्य दक्षता के कारण इसने दोगुनी अवधि तक विश्वसनीय सेवाएं दी।

प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि सारणी ताप विद्युत गृह से उत्पादित होने वाली बिजली को प्रदेश के विभिन्न हिस्सों तक सुरक्षित एवं सतत रूप से पहुंचाने में इस ट्रांसफार्मर की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रही। बीते करीब साढे चार दशकों में इस ट्रांसफार्मर ने न केवल प्रदेश की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को मजबूती प्रदान की, बल्कि मध्यप्रदेश के औद्योगिक, कृषि एवं सामाजिक विकास की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में भी मौन आधार स्तंभ की तरह योगदान दिया। यह ट्रांसफार्मर प्रदेश की ऊर्जा अवसंरचना के विकास का साक्षी रहा है।

ऐसे दी भावुक विदाई

एमपी ट्रांसको के कार्मिकों ने इस ऐतिहासिक ट्रांसफार्मर को भावुक विदाई देते हुए उसकी दीर्घ, विश्वसनीय और समर्पित सेवाओं को याद किया। पुराने 100 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर के स्थान पर अब सारणी 220 केवी सबस्टेशन में 160 एमवीए क्षमता का अत्याधुनिक पावर ट्रांसफार्मर सफलतापूर्वक ऊर्जीकृत कर दिया गया है, जिससे क्षेत्र की पारेषण क्षमता और विद्युत विश्वसनीयता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

बैतूल के साथ रेलवे ट्रैक्सन फीडर को मिलेगी विश्वसनीय बिजली

एमपी ट्रांसको के अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेश शांडिल्य ने बताया कि इस पावर ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने के बाद 220 केवी सबस्टेशन सारणी की क्षमता बढकर 320 एमव्हीए की हो गई है। इससे विश्वसनीयता बढने के साथ तीन 132 केव्ही सबस्टेशनो को फायदा मिलेगा। इसके अलावा रेलवे ट्रैक्सन घोड़ाडोंगरी के दोनों फीडर को भी गुणवत्तापूर्ण विश्वसनीय सप्लाई उपलब्ध रहेगी।

बैतूल जिले की क्षमता में वृद्धि

ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से बैतूल जिले की कुल स्थापित क्षमता 740 एमवीए से बढक़र 800 एमवीए हो गई। श्री शांडिल्य ने बताया कि एमपी ट्रांसको बैतूल जिले में अपने 220/132 केव्ही. के तीन एवं 132/33 केव्ही. के छह सब स्टेशन के माध्यम से विद्युत पारेषण करती है।

बिजली ना मिलने से परेशान ग्रामीण और किसान परेशान, विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय में भी नहीं मिला कोई समाधान

बिजली संकट गहराया: सोहागपुर में अधिकारियों की प्रतीक्षा करते रहे ग्रामीण, सिवनी मालवा में कटौती से परेशान सड़कों पर बैठे किसान

क्षेत्र में बिजली संकट गहराने लगा है। जहां सोहागपुर में ग्रामीणों ने बिजली समस्या को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। वहीं किसान सड़कों पर आए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



कामती एवं चारगांव फीडर के क्षेत्रवासी बिजली वितरण की अनियमितता से परेशान हैं। फीडर क्षेत्र के नागरिक गुरुवार शाम बिजली कंपनी कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने समस्या से कंपनी अधिकारियों को अवगत कराया। तथा समस्या समाधान ना होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

ग्रामीणों की अगुवाई कर रहे नयागांव ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि दीपक रघुवंशी ने बताया कि बिजली विभाग द्वारा दिनभर की अनैतिक व अघोषित कटौती से ग्रामीण प्रताड़ित एवं परेशान हैं। वर्तमान में काफी गर्मी का मौसम है जिससे छोटे छोटे बच्चों एवं बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर काफी बुरा असर पड़ रहा है। रातभर होने वाली बिजली कटौती की इस समस्या की जानकारी पूर्व में कई बार मौखिक एवं लिखित रूप से बिजली विभाग के समस्त अधिकारियों को दी जा चुकी है। लेकिन अब तक बिजली कटौती में कोई सुधार नही हुआ है। जिससे सभी ग्रामीण परेशान एवं प्रताड़ित हो चुके हैं। इस कारण सभी ग्रामीण गुरुवार शाम लगभग चार बजे बिजली कंपनी कार्यालय पहुंचे। एवं काफी देर तक वे अधिकारियों की प्रतीक्षा करते रहे। अधिकारियों के आने पर उन्होंने समस्या से अवगत कराया। तथा समस्या निराकृत ना होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान दीपक रघुवंशी, चंद्रशेखर कुशवाहा, हल्केवीर उइके, डोरीलाल कुशवाहा, तुलसी, सीताराम, श्री लाल, सतीश रघुवंशी, धनराज, रामाधार, अनिल, अभिलाष, महेश रघुवंशी, अकरम खान, विनोद आदि उपस्थित थे।

इन गांवों में समस्या

आधे घंटे तक ग्रामीणों ने बिजली कंपनी अधिकारियों की प्रतिष्ठा की। लेकर अधिकारी नहीं आए तो वे सभी लोक निर्माण विभाग रेस्ट हाउस के समीप स्टेट हाईवे चौराहे पर एकत्रित हुए। जिसके कारण करीब 15 मिनट तक जाम लगा रहा। जिसके बाद अधिकारी मौके पर पहुंचे। जिन्हें ग्रामीणों ने बताया कि कामती तथा चारगांव फीडर के नयागांव, डूंडादेह, डूंडाखापा, नया पट्टन, कूकरा, नांदनेर, बिछुआ, सियारखेड़ा, सिंगवाड़ा, गौंडीखेड़ी आदि शामिल हैं। ग्रामीणों ने आवेदन भी अधिकारियों को सौंपा गया है।

इसके अनुसार इन गांवों में यदि बिजली विभाग द्वारा 24 घंटे बिजली नहीं दी गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिसकी समस्त जबावदारी शासन प्रशासन की रहेगी। देर शाम सरपंच प्रतिनिधि दीपक रघुवंशी ने बताया कि अधिकारियों ने शुक्रवार से ही समस्या समाधान का आश्वासन दिया है।

कटौती और अनियमित सप्लाई के विरोध में किसानों ने किया जाम

सिवनी मालवा। क्षेत्र के सूरजपुर फीडर पर एक बार फिर बिजली व्यवस्था चरमरा गई है, जिससे किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लगातार बिजली बंद रहने और अनियमित विद्युत सप्लाई के कारण किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। हालात इतने बिगड़ गए कि परेशान किसानों को मजबूर होकर चक्का जाम तक करना पड़ा। किसानों का कहना है कि बिजली संकट के कारण सिंचाई कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है और खेती-किसानी का पूरा कामकाज बाधित हो गया है।



अव्यवस्थाओं के बीच बढ़ी किसानों की मुश्किलें

किसानों ने बताया कि एक तरफ वे दिनभर वेयरहाउसों की अव्यवस्थाओं से परेशान हैं, वहीं दूसरी ओर रातभर बिजली संकट से जूझना पड़ रहा है। समय पर बिजली नहीं मिलने से खेतों में सिंचाई नहीं हो पा रही है, जिससे फसलों पर प्रतिकूल असर पड़ने लगा है। किसानों का आरोप है कि जिम्मेदार विभाग लगातार शिकायतों के बावजूद स्थिति सुधारने को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहा है।

शाम 7 बजे से रात 1 बजे तक बंद रही बिजली

ग्रामीणों के अनुसार सूरजपुर सबस्टेशन पर शाम 7 बजे से रात 1 बजे तक बिजली सप्लाई पूरी तरह बंद रही। लंबे समय तक अंधेरे और बिजली संकट से परेशान होकर कई ग्रामीण सिवनी मालवा पहुंचे और अपनी नाराजगी जाहिर की। ग्रामीणों ने बताया कि बार-बार शिकायत के बाद भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा है।

किसानों की अनदेखी पर भड़का आक्रोश

क्षेत्रीय किसान नेता रत्नेश रघुवंशी ने बताया कि सूरजपुर फीडर पर लंबे समय से बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। कई बार शिकायत और मांग के बावजूद अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया। उन्होंने कहा कि किसान पहले ही समर्थन मूल्य, वेयरहाउस और अन्य समस्याओं से परेशान है, वहीं अब बिजली संकट ने किसानों की कमर तोड़ दी है। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो किसानों का आंदोलन और उग्र हो सकता है।

शासन-प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग

रत्नेश रघुवंशी ने कहा कि मोहन सरकार में किसानों की यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। शासन-प्रशासन को तत्काल संज्ञान लेते हुए सूरजपुर फीडर की विद्युत व्यवस्था सुधारनी चाहिए और किसानों को राहत प्रदान करनी चाहिए, ताकि उन्हें बार-बार आंदोलन और चक्का जाम का सहारा न लेना पड़े।

यह ग्रामीण रहे मौजूद

बिजली समस्या को लेकर विरोध प्रदर्शन एवं सिवनी मालवा पहुंचे ग्रामीणों में प्रवीण रघुवंशी, नरेंद्र रघुवंशी, धर्मेंद्र रघुवंशी, संदीप रघुवंशी, नानू रघुवंशी, विशाल रघुवंशी, अभी रघुवंशी, मोहित रघुवंशी सहित अन्य ग्रामीण आदि लोग उपस्थित रहे।

सीबीएससीई कक्षा 12वीं में बेटियों ने बाजी मारी सेंट जोसफ स्कूल का शत प्रतिशत रहा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत बीजनवाडा में स्थित सेंट जोसेफ हायर सेकेण्डरी स्कूल एवं जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत पनारी में स्थित द लर्निंग स्टेंप हायर सेकंडरी इंटर नेशनल विद्यालय में सी बी एस सी ई विद्यालय की कक्षा 12वी में परीक्षा परिणाम तो संतोष जनक नहीं रहा। लेकिन जिसमें मुख्य कारण यह सामने आया है कि डिजिटल पोर्टल पर जो उत्तर पुस्तिका की जांच करने के कारण छात्र छात्राओं को काफी नुकसानदायक रही है। पहली बार है।जब पिपरिया जनपद पंचायत के सी,बी,एस सी घंटे विद्यालय में कुल 85%तक ही रिजेक्ट प्राप्त हुए हैं।

द लर्निंग स्टेंप हायर सेकंडरी इंटर नेशनल विद्यालय में छात्रा प्रिया पांडे ने 79%ही सफलता प्राप्त की है।अवनी पालीवाल ने 66.2% सफलता प्राप्त की है। दिव्यांश राजपूत ने 64%ही सफलता पूर्वक परिणाम प्राप्त हुए हैं।

सेंट जोसेफ हायर सेकंडरी स्कूल बीजनवाडाने सी बी एस सी ई विद्यालय में सिन्हा दुबे ने 85.4% रश्मि रघुवंशी ने 84.8% दर्शित राय ने 83.8% सुभी साहु ने 82.2% दीपांशु रघुवंशी ने 78.8%0तनु चतुर्वेदी ने 76.8% सिसोदिया ठाकुर ने 88.2% राशिका पटेल ने 86.8%अम्रता जीत कौर गंभीर ने 86.4% ध्रुव सोडानी ने 86% प्रकाश मालपानी ने 58.6% अंक प्राप्त कर सफलता प्राप्त की है।यह पहला मौका है।जब सेंट जोसेफ हायर सेकंडरी स्कूल बीजनवाडाने परीक्षा परिणाम में उच्च सफलता प्राप्त नहीं हुई है।

सूत्रो के अनुसार इस बार उतर पुस्तिकाएं डिजीटल गणना के आधार जांच कराई है। जिसके कारण पिपरिया जनपद पंचायत एवं नगर में खुशी का माहोल दिखाई नहीं दे रहा है। फिर भी इस बार भी बेटियों अव्वल रहीं।

नवांकुर संस्था ने पक्षियों के दाना पानी के लिए सकोरे बांटे



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड माखन नगर नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाजसेवा समिति (सेक्टर क्रमांक 04) में ग्रामीणों को पक्षियों के दाना पानी के लिए सकोरे वितरण किए गए।

ग्रामवासियों ने भी इस पुनीत कार्य की प्रशंसा की और समिति को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर नरेंद्र देशमुख (विकास खंड समन्वयक)सरदार पटेल (वरिष्ठ समाजसेवी), भगवानदास यादव (कृषि समिति सभापति जनपद),नीतिराज सिंह यादव (नवांकुर संस्था प्रमुख),सुरेश यादव, गेंदालाल यादव (अध्यक्ष), शुभम गोस्वामी (सचिव), कैलाश कहार, वीरेंद्र यादव, हरिनारायण यादव, सतीश यादव ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति उपस्थित रहे।

लापरवाही: पिकअप वाहन में ठूंस-ठूंसकर बिठाई जा रही हैं सवारियां, दुर्घटनाओं का बढ़ रहा भय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नर्मदापुरम जिले में लगातार लोडिंग वाहनों में सवारियां ढोई जा रही है। दुर्घटनाओं की संभावनाओं को व्यक्त करती यह स्थिति प्रशासन के सामने होती है। लेकिन प्रशासन पूरी तरह मौन है।

गत दिवस सोहागपुर एसडीएम तथा सोहागपुर एसडीओपी कार्यालय के सामने एक पिकअप वाहन निकला। जिसमें 20 से अधिक सवारियां बिठाई गई थीं। सवारियों को लेकर चालक वाहन को पिपरिया की ओर रवाना हो गया। दोनों ही कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारी व वर्दीधारी आसपास ही उपस्थित थे। लेकिन किसी ने भी इस बात का कष्ट नहीं उठाया कि पिकअप चालक को हिदायत दें कि लोडिंग वाहनों में सवारियां नहीं बिठाए। मौके पर उपस्थित नागरिकों



ने नाराजगी से अधिक चिंता व्यक्त की है कि वाहन में बिठाए गए महिला, पुरुष व बच्चों के साथ गंभीर दुर्घटना हो सकती है।

नहीं होती परमिट की जांच

सरकारी नियमानुसार सभी श्रेणियों के वाहनों के पृथक परमिट होते हैं तथा लोडिंग वाहनों में सवारी नहीं ढोई जाती हैं। लोडिंग वाहन कमर्शियल नंबर प्लेट के साथ संचालित होते हैं, जिनका विशेष परमिट होता है।

लेकिन देखने में यही आया है कि परमिट की जांच नहीं की जाती है। मात्र जिला मुख्यालय के आसपास ही जांच व कार्यवाही की जाती है। नागरिकों के अनुसार नर्मदापुरम् आरटीओ को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। अथवा कलेक्टर के माध्यम से जांच तथा कार्रवाई के निर्देश एसडीएम, तहसीलदार, एसडीओपी, टीआई आदि तक पहुंचाए जाने चाहिए।

25 मई तक जमा किए जा सकेंगे आवेदन

नर्मदापुरम। मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों एवं पंचायतों के लिए फोटोयुक्त मतदाता सूची पुनरीक्षण वर्ष 2026 का कार्यक्रम जारी किया गया है। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन एवं अन्य दावे-आपत्तियों के लिए आवेदन प्राप्त किए जाएंगे।निर्वाचन कार्यक्रम के तहत 15 मई से 25 मई तक निर्धारित केंद्रों पर दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। इस अवधि में पात्र नागरिक अपने नाम दर्ज कराने, त्रुटियों के सुधार अथवा अन्य आवश्यक संशोधन के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे।

जनगणना 2027- सोहागपुर ग्रामीण चार्ज के सभी 230 गणना ब्लॉक्स में कार्य हुआ पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



भारत की प्रथम चरण अंतर्गत हाउस लिस्टिंग एवं हाउसिंग जनगणना कार्य में सोहागपुर ग्रामीण चार्ज ने उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त करते हुए अपने सभी 230 गणना ब्लॉकों का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया है। जिस पर अधिकारियों ने सभी जनगणना दलों को बधाई दी है। इस उपलब्धि के साथ सोहागपुर ग्रामीण चार्ज ने 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया है। यह सफलता समस्त पर्यवेक्षकों, प्रगणकों व संबंधित अधिकारियों के सतत परिश्रम, समन्वय और कर्तव्यनिष्ठा का परिणाम है। तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी, सोहागपुर राम किशोर झरबड़े ने इस उपलब्धि पर सभी पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों एवं जनगणना कार्य में लगे स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य निष्पादन अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर चार्ज अधिकारी राम किशोर झरबड़े द्वारा जनगणना कार्य में लगे सुपरवाईजर एवं कार्यालय स्टाप के विपिन गिल्ला, विजेन्द्र वर्मा, राहुल साहू, संदीप कुशवाहा, अमित कुमार मिश्रा, उमेश रघुवंशी, राहुल पटेल एवं हिमांशू चौरसिया को मिठाई खिलाकर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि सोहागपुर ग्रामीण चार्ज की यह उपलब्धि अन्य चार्जों के लिए भी प्रेरणादायक है।

गेहूं खरीदी में लापरवाही पर सख्ती, प्रबंधक को मिला नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र के 14सेवा सहकारी समिति के खरीदी केंद्र तैयार किए गए हैं। जिनमें लगातार समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की जा रही है। लेकिन अभी तक शासन के नियमानुसार खरीदी नहीं की गई है। लेकिन उसके बाद भी कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए। इसलिए अधिकारी वर्ग ने गेहूं खरीदी में अव्यवस्थाएं और अनमितताए को लेकर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है।

जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने खरीदी में तुलावटी हम्माल मजदूर के द्वारा तौल में देरी करने गंभीर लापरवाही सरेआम दिखाई देती पर अब पहली बार कार्यवाही की जा रही है। तरौनकला सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक राजेन्द्र श्रीवास्तव के द्वारा लगातार खरीदी में लापरवाही



सरेआम करने हेतु राजेन्द्र श्रीवास्तव को नोटिस जारी किया गया। 3दिवस में जबाब देने को कहा गया। तथा 3लोगो की जांच कमेटी बनाई गई। जिसमें नागरिक आपूर्ति वेयरहाउस प्रबंधक दीपक साहू वेयरहाउसिंग कारपोरशन के प्रबंधक भीम सिंह डाबर खाद्य नागरिक कनिष्ठ आपुरती अधिकारी मनोज शुक्ला सहित जांच कमेटी बनाई गई थी। जिसमें पंचनामा भरकर तैयार किया गया है। जांच प्रतिवेदन तैयार किया गया है।

इसमें जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बताया कि राजेंद्र श्रीवास्तव को खरीदी के बाद अपात्रों की सूची में शामिल किया जा रहा है। इसलिए जांच कराई जा रही है।अभी वर्तमान में कमला वेयरहाउस में मैदान में 15000 कुंटल गेहूं रखा है।एक स्टेक की जगह ख़ाली है। फिर भी केंद्र बनाया गया है।अभी भी कमला वेयरहाउस में सैंकड़ों ट्रेक्टर ट्राली खड़े हैं ।जगह नहीं है। एफसी आई उठाया नहीं कर रही है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान ने बताया कि जिला कलेक्टर के अनुसार खरीदी में तुलावटी हम्माल मजदूर पर नजर रखी जा रही है। कार्यवाही हेतु लगातार प्रयास किया गया है।

जनसुनवाई में एसडीएम विजय राय की संवेदनशील पहल

मौके पर सुनी समस्याएं तुरंत किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



नर्मदापुरम कलेक्टर के निर्देश पर आयोजित जनसुनवाई में प्रशासन का मानवीय और संवेदनशील चेहरा देखने को मिला। जनसुनवाई में पहुंचे नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिवनी मालवा विजय राय ने स्वयं आवेदकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित मामलों में तत्काल कार्रवाई कर राहत प्रदान की। प्रशासन की इस सक्रिय कार्यशैली से आमजन में विश्वास और संतोष का माहौल दिखाई दिया।

12 मई 2026 को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर नर्मदापुरम ने अधिकारियों को निर्देशित किया था कि प्रत्येक प्रकरण का शीघ्र और प्रभावी निराकरण किया जाए। इसी क्रम में एसडीएम विजय राय ने व्यक्तिगत रूप से आवेदकों से चर्चा कर उनकी समस्याओं को समझा तथा संबंधित अधिकारियों को मौके पर कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई में राजस्व मामलों, रास्ता विवाद और पुराने अभिलेखों से जुड़े प्रकरण प्रमुख रूप से सामने आए।

जनसुनवाई में सोनखेड़ी निवासी सुमनबाई ने पुराने राजस्व प्रकरण से जुड़ी जानकारी एवं नकल प्राप्त करने हेतु आवेदन दिया था। चूंकि पूर्व में ग्राम सोनखेड़ी तहसील सिवनी मालवा के अंतर्गत आता था, इसलिए मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम विजय राय ने जिला अभिलेखागार से रिकॉर्ड की जांच करवाई।

व्यवस्था की सराहना

जनसुनवाई के दौरान जिस तरह से आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर त्वरित समाधान किया गया, उससे लोगों को लंबी प्रशासनिक प्रक्रियाओं और कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिली। एसडीएम विजय राय की कार्यशैली और सक्रियता को लेकर आमजन में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली। नागरिकों का कहना है कि यदि संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य होता रहा तो प्रशासन के प्रति लोगों का विश्वास और मजबूत होगा।

कल धूमधाम से मनेगा श्री शनिदेव जन्मोत्सव

इटारसी। न्याय देवता के रूप में पूजनीय देव श्री शनिदेव का जन्मोत्सव इस वर्ष भी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। प्रतिवर्षानुसार इस बार 28वें वर्ष में भी समस्त शनि भक्तों द्वारा सब्जी बाजार स्थित शनि मंदिर परिसर में कल शनिवार 16 मई को भव्य धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत शाम 5 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करेंगे। इसके पश्चात रात्रि 9 बजे से "एक शाम शनिदेव के नाम" भजन संध्या आयोजित की जाएगी। भजनों की प्रस्तुति माँ के बेटे जागरण समिति के कलाकारों द्वारा दी जाएगी, जो शनिदेव के भक्तिमय भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर करेंगे।
आयोजन के मुख्य यजमान एवं व्यवस्थापक पूज्य पंचायत सिंधी समाज रहेंगे।

आरआई पर लगा रिश्वतखोरी करने का आरोप, 2 दिन के बाद भी प्रशासन ने नहीं की कोई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



सोहागपुर राजस्व विभाग में कार्यरत एक आरआई पर क्षेत्र के सेवानिवृत शिक्षक ने रिश्वत लेकर भी भूमि सीमांकन के बाद अगली कार्रवाई ना करने का आरोप लगाया है। मामले में पीड़ित ने मंगलवार को जन सुनवाई में एसडीएम के नाम आवेदन भी दिया था। लेकिन दो दिन बीतने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। जिसके बाद गुरुवार को सोहागपुर आए अपर कलेक्टर बृजेंद्र रावत को सेवानिवृत्त शिक्षक ने आवेदन सौंपकर न्याय की मांग की है। आवेदक प्रहलाद गढ़वाल ने समस्या से अपर कलेक्टर बृजेंद्र रावत को अवगत कराया तथा बताया कि आरआई उईके साहब ने 20000 की रिश्वत लेकर मगरिया ग्राम के पास उनकी भूमि का सीमांकन किया। लेकिन उसके बाद की कार्रवाई नहीं की जा रही है। मीडिया से चर्चा में अपर कलेक्टर बृजेंद्र रावत ने बताया कि उन्हें प्रहलाद गढ़वाल ने आवेदन देकर समस्या से अवगत कराया है। शीघ्र ही कार्रवाई का आश्वासन रावत ने दिया है।

बीते दो दिन

सोहागपुर एसडीएम प्रियंका भलावी से मीडिया ने सवाल किया कि शिकायत करने के दो दिन बीतने पर भी कोई कार्रवाई आरआई पर क्यों नहीं हो सकी है। तो उन्होंने जवाब दिया कि नर्मदापुरम् कलेक्टर को मामले की जानकारी लिखित रूप से भेजी गई है। जो भी कार्रवाई होगी, वह कलेक्टर के द्वारा की जाएगी। मामले में जन चर्चा है कि दो दिन बीतने के बाद रिश्वतखोरी जैसे गंभीर मामले में कोई भी कार्रवाई नहीं करना उचित नहीं है। जबकि आवेदक ने शपथ पत्र के साथ शिकायती आवेदन दिया है।

खबर संक्षेप

हाई स्कूल व हासे द्वितीय परीक्षा में आंशिक संशोधन

हरदा। माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा आयोजित हाई स्कूल/हायर सेकेंडरी द्वितीय परीक्षा वर्ष 2026 के परीक्षा कार्यक्रम में आंशिक संशोधन किया गया है। यह संशोधन कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट की परीक्षाओं के दृष्टिगत किया गया है। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देश भी जारी किए गए है। साथ ही संशोधित परीक्षा कार्यक्रम को विद्यालय के सूचना पटल पर प्रमुखता से प्रदर्शित करने और संबंधित विद्यार्थियों को इसकी जानकारी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराए जाने को कहा है। परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलेगी। नियमित, स्वाध्यायी एवं दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों की परीक्षाएं समान तिथि एवं समय पर संपन्न होंगी। विद्यार्थी संशोधित परीक्षा कार्यक्रम मंडल की वेबसाइट माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश पर भी देख सकते हैं। मंडल द्वारा जारी आदेश के अनुसार पूर्व निर्धारित परीक्षा तिथियों में परिवर्तन किया गया है। अब 14 मई 2026 को आयोजित होने वाली कृषि, गृह विज्ञान एवं अकाउंटेंसी विषयों की परीक्षाएं 19 मई 2026 को होंगी। वहीं 21 मई को होने वाली गणित एवं मनोविज्ञान विषयों की परीक्षाएं अब 26 मई 2026 आयोजित की जाएंगी।

शिविरों में किया जाएगा बिजली संबंधी समस्याओं का निराकरण

सीहोर। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। विद्युत वितरण केन्द्रवार बनाए गये कलस्टरों पर आगामी निर्धारित तिथियों पर शिविर लगाये जाएंगे। शिविरों में बिजली उपभोक्ताओं की बिल, मीटर, सर्विस केबल, कनेक्शन एवं तकनीकी सेवाओं संबंधी शिकायतों का निराकरण किया जाएगा। प्रथम कलस्टर अंतर्गत 14 मई को सीहोर के वार्ड नं. 03 स्थित जोन 01 के वितरण केन्द्र और वार्ड नं 04 स्थित जोन 02 के वितरण केंद्रों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे।

पुलिस ने दोनों पक्षों पर क्रॉस कायमी कर जांच-पड़ताल शुरू की

ट्रॉली लगाने को लेकर विवाद भाजपा नेता सहित अन्य घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



जिले के टिमरनी थाना क्षेत्र में बुधवार रात श्रीजी वेयरहाउस पर ट्रॉली लगाने को लेकर हुए विवाद में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष पाटिल और उनके बेटे रोहित पाटिल सहित कई लोग घायल हो गए। इस घटना में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कराया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह विवाद ट्रॉली आगे-पीछे करने की बात पर शुरू हुआ, जो जल्द ही मारपीट में बदल गया। पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष पाटिल के बेटे रोहित पाटिल (निवासी पोखरनी) को गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उन्हें टिमरनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल हरदा और फिर इंदौर रेफर किया गया।

दूसरे पक्ष से विजय सिंह राजपूत को भी कान में चोट लगी, जिन्हें प्रारंभिक उपचार के बाद जिला अस्पताल से बाहर रेफर किया गया। संतोष पाटिल को भी चोटें आई हैं। घटना की सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए। घायलों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज जारी है। पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष पाटिल ने बताया कि उनकी ट्रॉलियां पहले से लगी हुई थीं। इसी दौरान छिदगांव मेल निवासी राजवीर राजपूत ने अपनी ट्रॉली बीच में लगा दी। जब उन्हें मना किया गया, तो उन्होंने कुछ लोगों को बुलाया, जिन्होंने उनके बेटों रोहित और हितेंद्र पर लाठियों से हमला कर उन्हें बुरी तरह घायल कर दिया।

टिमरनी थाना टीआई मुकेश गौड़ ने पुष्टि की कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। टीआई गौड़ ने बताया कि वेयरहाउस में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जाएंगे और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। दूसरे पक्ष से फिलहाल संपर्क नहीं हो पाया है।

सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ कार्रवाई

हरदा। बुधवार रात को सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान नारायण टॉकीज स्थित कलारी के पास पांच लोगों को खुलेआम शराब का सेवन करते हुए पकड़ा गया। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक आरएल भारती ने बताया कि शहर में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों को पकड़ने के लिए एक विशेष टीम गठित की गई थी। इस टीम को शराब का सेवन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए रवाना किया गया था। पकड़े गए सभी पांच व्यक्तियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 36(बी) के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है। निरीक्षक भारती ने यह भी बताया कि 1 मई से अब तक सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने के आरोप में कुल 14 लोगों पर कार्रवाई की जा चुकी है। कोतवाली हरदा पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन न करें। खुले में शराब पीना एक दंडनीय अपराध है और ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ लगातार वैधानिक कार्रवाई जारी रहेगी।इस कार्रवाई में एसआई सुरेंद्र श्रीवास्तव, जितेंद्र राजपूत, हेड कॉन्स्टेबल हरिप्रसाद पटेल, सुमित रावत और प्रवीण यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

विकास कार्यों में तेजी के निर्देश

जिला पंचायत सीईओ ने किया ग्राम पंचायतों का औचक दौरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत अंजली जोसेफ जोनाथन ने गुरूवार को जिले की ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण किया। उन्होने ग्राम पंचायत रन्हाईकला में नल-जल योजना के संचालन की स्थिति देखी और हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुँचाने के निर्देश दिए। उन्होने आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर बच्चों के पोषण, टीकाकरण और केंद्र की साफ-सफाई व्यवस्था की समीक्षा की। वर्षा जल संचयन के लिए चल रहे रेनवाटर हार्वेस्टिंग कार्यों का भी जायजा लिया और मानसून से पहले इन्हें पूरा करने के निर्देश दिये। ग्राम पंचायत मसनगांव के ग्राम गांगला में पेयजल को लेकर सीईओ ने ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाकर चर्चा की। ग्रामीणों की समस्याएँ सुनने के बाद उन्होंने पीएचई विभाग के अधिकारियों को तत्काल समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उन्होने ग्राम पंचायत कड़ोला में निर्माणाधीन नवीन पंचायत भवन ह्यअटल सेवा सदनह्ल के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। सीईओ श्रीमती अंजली जोसेफ जोनाथन ने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता न हो और भवन को अतिशीघ्र पूर्ण कर जनता को समर्पित किया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होने सभी ग्राम पंचायतों को ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के तहत कचरा गाड़ी क्रय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत हर पंचायत को कचरा मुक्त बनाना प्राथमिकता है।

जनजाति सांस्कृतिक समागम का आयोजन होगा

दिल्ली से उठेगी जनजातीय अस्मिता और सांस्कृतिक चेतना की ऐतिहासिक हुंकार



हरदा। दिल्ली का लाल किला मैदान 24 मई को भारतीय जनजातीय इतिहास के एक अभूतपूर्व अध्याय का साक्षी बनने जा रहा है। पहली बार भारत के कोने-कोने से 500 से अधिक जनजातियों के लगभग दो लाख से अधिक जनजातीय समाजजन एक मंच पर एकत्रित होकर अपनी सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और दैवीय परम्पराओं के संरक्षण का संकल्प लेंगे। यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि भारत की प्राचीन जनजातीय चेतना, अस्मिता और सांस्कृतिक स्वाभिमान का विराट उद्घोष होगा। इस भव्य ह्लजनजाति सांस्कृतिक समागमह्ल का आयोजन अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के नेतृत्व में जनजातीय सुरक्षा मंच के बैनर तले ह्यतू मैं - एक रक्तह्ल के उदघोष के साथ किया जा रहा है।

आज शहर में एक घंटे की बिजली कटौती

हरदा। शहर में आज शुक्रवार शाम 4 बजे से 5 बजे तक एक घंटे के लिए बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह कटौती 33/11 केवी उपकेंद्र हरदा शहर से निकलने वाले 11 केवी गुप्तेशर मंदिर फीडर पर नए अतिरिक्त ट्रांसफार्मर के लोड शिफ्टिंग कार्य के कारण की जाएगी। बिजली कंपनी के जेई राकेश सिलोरे ने बताया कि इस बिजली कटौती से सिविल लाइन, गौर कॉलोनी, मानपुरा, खेड़ीपुरा, कहारवाड़ी और मांग मोहल्ला सहित कई कॉलोनियां प्रभावित होंगी। सिलोरे ने यह भी स्पष्ट किया कि कार्य की आवश्यकता और परिस्थितियों के अनुसार विद्युत आपूर्ति बंद रहने की अवधि को घटाया या बढ़ाया जा सकता है।

युवा संगम में 103 आवेदकों का प्राथमिक चयन हुआ



हरदा। युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गुरूवार को शासकीय आईटीआई हरदा में युवा संगम रोजगार स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलोटे ने बताया कि मेले में 6 कम्पनियों ने भाग लेकर कुल 103 आवेदकों का प्राथमिक चयन कर उन्हें ऑफर लेटर प्रदाय किया गया। इसमें 25 आवेदकों का अप्रेंटिसशिप हेतु चयन किया गया। मेले में 210 आवेदकों ने अपना पंजीयन कराया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 15 आवेदकों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

विडंबना: बीपीएम यूनिट का बजट अन्य तीन भवनों पर व्यय, विकास कार्यों को लेकर मनमानी से खड़ी हुई परेशानी

शीघ्र पूर्ण होने के आसार नहीं, 30 लाख के आवंटन का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

यहां बीपीएम यूनिट एवं आईसीयू भवन-निर्माण की धनराशी अन्य तीन भवनों में व्यय करने और बजट की कमी से अपूर्ण-कार्यों के जल्दी पूर्ण होने के आसार नहीं है। अब स्वास्थ्य विभाग से रु.30 लाख राशि आवंटन का इंतजार है। ज्ञातव्य रहे कि स्वास्थ्य विभाग ने गृह निर्माण मंडल को झिरन्या, भीकनगांव,सेगांव और बरुड़ के भवनों के निर्माण का कार्य सौंपा था। जिनकी कुल लागत रु.2.76 लाख के विरुद्ध रु.1.99 लाख आवंटित की गई थी,जिन्हें 18 माह में पूर्ण करना प्रस्तावित था। इनमें से उक्त तीन भवनों का कार्य पूर्ण होकर,उन्हें जुलाई 25 में हस्तांतरित कर दिया गया। जबकि स्थानीय भवन का कार्य दिसंबर 2023 में प्रारंभ होने के बाद भी अधर में है।

बजट नहीं तो कैसे होगा कार्य

निर्माण एजेंसी की एसडीओ उर्मिला अलावा ने बताया कि भीकनगांव, सेगांव और बरुड़ के भवनों में रु.15 लाख अधिक व्यय होने से उनके बिल लंबित हैं। जबकि झिरन्या भवन में परिवर्तित डीपीआर के अनुसार 23 के स्थान पर 33 पिलर बनाए जाने से लागत में वृद्धि हुई है। जबकि भवन तैयार है, लेकिन खिड़की, दरवाजे, शौचालय, बाथरूम,टाइल्स सहित अन्य कार्यों में करीब रु. 15 लाख (कुल रू.30 लाख) की जरुरत होगी। अतः स्वास्थ्य विभाग से उक्त आवंटन मिलने पर ही कार्य प्रारम्भ किया जा सकेगा।

इनका कहना है

मंडल-अधिकारियों को भोपाल जाकर प्रमुख अधिकारियों से संपर्क करना चाहिए। उन्हें अन्यत्र बजट-व्यय करने की जानकारी नहीं है।

ममता बड़ोले,उपयंत्री, शा.जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण,खरगोन

ग्रामीणजनों को समुचित स्वास्थ्य-सेवायें नहीं मिल पा रही है। अतः इस दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

डॉ.दीपक शस्त्रे, बीएमओ, शा.सा.स्वा.केंद्र, झिरन्या

पुराने जीर्ण-शीर्ण अस्पताल भवन में उनका कार्यालय संचालित हो रहा है।जिससे सदैव दुर्घटनाओं की आशंकाएं बनी रहती है।

राजेश गवले,बीपीएम, शा.सा.स्वा. केंद्र, झिरन्या



जयस संघटन ने शराब-परिवहन पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या



जयस संघटन ने गुरुवार को शराब-परिवहन करते हुए दुपहिया वाहन को रोका है। जिससे दो युवकों द्वारा मुख्य मार्ग से पहाड़ी अंचल की ओर ले जाई जा रही थी। संगठन ने इस अवैध व्यवसाय पर कड़ी आपत्ति प्रकट की है और कहा है कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों के युवा वर्ग का भविष्य बर्बाद हो रहा है। विस्तृत जानकारी प्रतीक्षित है।



जनसंपर्क अभियान कैंप आयोजित

रहटगांव। तहसील के नजरपुरा में विद्युत विभाग द्वारा जनसंपर्क अभियान कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में विभाग की विभिन्न सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। इस दौरान बिजली बिल संबंधी समस्याओं, तकनीकी सेवाओं, नए कनेक्शन, मीटर संबंधी सेवाओं सहित अन्य समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया। कैंप में किसानों को खेत के स्थाई विद्युत कनेक्शन मात्र 5 में उपलब्ध कराने की योजना के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर विभाग की ओर से जेई तरुण बर्मा सहित अखिलेश मालवीय, जितेंद्र भाटी, अशोक मालवीय, देवेंद्र गौर, सतीश गौर, फारुख खान, तुला, राजेश, शिवा, मनीष उइके एवं विभाग के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

माचक नहर टेल क्षेत्र में सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल रहा

किसानों ने किया धरना-प्रदर्शन, हुई नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया



माचक नहर टेल क्षेत्र में सिंचाई का पानी नहीं मिल रहा है। किसानों को ग्रीष्मकालीन मूंग फसल के लिए पानी सारसूद बावड़ियां जूनापानी पड़वा तारापुर पहेट छीपाबड़ के किसान धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। किसानों का कहना है सिंचाई विभाग की लापरवाही के कारण किसानों की मूंग फसल सूखने की कगार पर है। किसान परेशान है लेकिन प्रशासन को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है।

सिंचाई विभाग द्वारा 36 घंटे की और ओसराबंदी लागू की गई थी। जो सतत चल रही है लेकिन कुछ दिनों से 36 घंटे की होसराबंदी में भी टेल क्षेत्र के इन गांव में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। जिससे आक्रोशित किसानों ने 14 मई से अनिश्चितकालीन के लिए धरना प्रदर्शन शुरू किया है। जिसमें समस्त किसान आंदोलन कर रहे हैं इतनी भीषण गर्मी में किसान धरने पर बैठे हैं। लेकिन सिंचाई विभाग एवं प्रशासनिक कोई भी अधिकारी धरना स्थल पर नहीं पहुंचे सिंचाई विभाग के अधिकारी मैडम द्वारा गैर जिम्मेदाराना बयान दिया जा रहा है। उनके द्वारा बताया जा रहा है कि जिस क्षेत्र में किसान धरने पर बैठे हैं वह हमारे कमांड क्षेत्र में नहीं आता है।

गत 4 वर्षों से किसान ग्रीष्मकालीन मूंग फसल की बोनी करते आ रहा है और नहर की बिलिंग भी कर रहा है। इस तरह के बयान आना अपनी जिम्मेदारी से पीछे हटने जैसा लगता है। आंदोलन में शंकर सिंह सोलंकी भूपेंद्र राजपूत किसान कैलाश सिंह कलाम बलवंत सिंह कलाम बबलू राजपूत शिवशंकर राजपूत शुभम निकुम पड़वा तारापुर कृष्णा राजपूत शिवदान सोलंकी आनंद चौहान लोकेश सोलंकी राहुल राजपूत सरदार राजपूत कैलाश राजपूत दीवान जी रामनाथ ठाकुर रवि कलाम वीरेंद्र कलाम उपस्थित थे।

जिला कार्य समिति की बैठक आयोजित

सीहोर। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की जिला कार्य समिति की बैठक भाजपा के जिला कार्यालय पर बुधवार को संपन्न हुई। मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष भोपाल संभाग प्रभारी संजय सिंह यादव के की उपस्थिति में संपन्न हुई। मोर्चे के आने वाले कार्यक्रमों में मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार प्रवास के कार्यक्रम की जानकारी दी गई। कार्यक्रम मैं प्रमुख रूप से भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री कमलेश कुशवाहा एवं जय नारायण जलोदिया, जिला उपाध्यक्ष लखन चौरसिया, जिला मंत्री विष्णु सिंह परमार, जिला कार्य समिति सदस्य बृजमोहन सोनी बरखेड़ी मंडल अध्यक्षअध्यक्ष आलम सिंह परमार, इछावर मंडल अध्यक्ष रामकृष्ण मीणा आदि शामिल थे।

पाइप लाइन में सुधार हो तो पांच वार्डों में नियमित हो सकती पेयजल सप्लाई



खिरकिया। खिरकिया नगर की एक बड़ी आबादी वार्ड क्रमांक 1 से लेकर वार्ड क्रमांक 5 में निवासरत है। करीब 20 हजार की आबादी इन पांच वार्डों में है। बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक समेत आसपास के ग्रामों के ग्रामीण भी अपने बच्चों की शिक्षा से लेकर रोजगार के चलते इन पांच वार्डों में अपना जीवन यापन करते हैं। वर्तमान गर्मी के समय में इन पांच वार्डों में पेयजल संकट बेहद गहराया हुआ है। नगर परिषद द्वारा व्यवस्थाओं को सुधार के लिए कोई भी सार्थक प्रयास नहीं किया जा रहे हैं। पांच वार्डों के नागरिक पीने के पानी के लिए बेहद परेशान हो रहे हैं। शहर में जलावर्धन योजना के माध्यम से नगर के वार्ड क्रमांक 6 से लेकर वार्ड क्रमांक 15 में पेयरल उपलब्ध कराया जाता है। लेकिन वार्ड क्रमांक 1 से लेकर वार्ड क्रमांक 5 में जल आवर्धन योजना का क्रियान्वयन नहीं किया गया है । नगर के वार्ड क्रमांक 5 में लाखों रुपए की लागत से पानी की टंकी तो बनाई गई लेकिन उसे आज तक शुरू नहीं किया गया है । पीने के पानी की समस्या जहां पूरे वार्डों में है ऐसे में टंकी के माध्यम से सप्लाई न करना अधिकारियों की मंशा पर सवालिया निशान खड़ा करता है। एसडीएम शिवांगी बघेल को आवेदन देते हुएपार्षदों ने कहा कि आपके माध्यम से यह मांग करते हैं कि शहर की पेयजल व्यवस्था को लेकर ठोस रणनीति बनाया जाए।